# परियोजना का संक्षिप्त विवरण

**परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित दाड़िमखोला से सकनियाकोट लिंक मोटर मार्ग स्टेज प्रथम (लम्बाई 5.750 किमी0) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एवं स्थाई रूप से गरीबी निवारण करने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र में 250 से अधिक आबादी वाले असंयोजित बसावटों को किसी भी बारहमासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश सं0 1798/डी0पी0आर0/यू0आर0आर0डी0ए0/18, दिनॉक–20 सितम्बर 2018 **द्वारा** प्राप्त हुई है। इस मार्ग का जनपद अल्मोड़ा में ग्राम चनौदा से प्रारम्भ होकर ग्राम भेंटा में समाप्त होता है। उक्त मोटर निर्माण का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा से जोड़ना और ग्राम वासियों द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जियों को बाजार तक पहुॅचाना एवं इस क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर करना है, इस मोटर मार्ग निर्माण से ग्राम वासियों को रोजगार मिलेगा, ग्राम वासियों को स्वास्थ्य सम्बन्धि सुविधाए प्राप्त होंगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिससे क्षेत्र का समुचित विकास होगा।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों के जनसंख्या लाभांवित होगीः–

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | भेलगड़ | 128 |
| 2 | सकनियाकोट | 236 |
| **योग** | | **364** |

उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1:50000 के मानचित्र में उपरोक्तानुसार अनुमोदित समरेखन सं0–1 को लाल स्याही से दर्शाया गया है उक्त समरेखन में नाप भूमि, सिविल सोयम भूमि (राज्य भूमि) से होकर गुजरता है। इस समरेखन में कोई मकान, मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के निमार्ण में सिविल सोयम वन भूमि–0.455 हैं0 वन भूमि ही प्रभावित हो रही है। मोटर मार्ग की चौड़ाई 7 मी0 तथा वृक्षों की गणना मात्र 7 मी0 चौड़ाई में की गयी है।